Title: Need to provide financial assistance to Government of Maharashtra for providing relief to the people affected by drought in Marathwada region-Laid.

श्री सुरेश रामराव जाधव (परभनी) : महोदय, मराठवाडा के आठों जिलों में जब से खरीफ की फसल की बुवाई की गई है पानी की एक बूंद भी नहीं बरसी है। मराठवाड़ा में भयंकर सूखे की स्थिति पैदा हो गयी है। किसानों की सारी मेहनत तथा बुवाई में बीज, खाद आदि पर लगाये गये सारे पैसे बरबाद हो गए हैं। महाराष्ट्र सरकार ने स्थिति के जायजे के लिए एक कमेटी भी भेजी थी, परंतु अब तक कोई सहायता मराठवाड़ा के आठों जिले में से किसी भी जिले में प्रदान नहीं की गयी है। स्थिति यहां तक आ गयी है कि अकाल के कारण गरीब लोग यहां से बाहर जाने लगे हैं। न पीने के लिए एक बूंद पानी है और न खाने के लिए अनाज। चारे के अभाव में जानवर मर रहे हैं तथा किसान बरबाद हो रहा है।

अतः इस माननीय सदन के माध्यम से मैं सरकार से मांग करता हूं कि सरकार स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मराठवाड़ा में सूखे की स्थिति से निपटने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करें तथा किसानों को मुआवजा देने के साथ ही साथ यहां भयंकर सूखे की चपेट में आयी गरीब जनता को भोजन के लिए भारतीय खाद्य निगम से अनाज भी तुरंत मुहैया करवाया जाये।